## Processed Q&A from: Uncategorized_questions.docx

**1.**

Question: उक्त मानचित्र में उन गाँवों की स्थिति को दर्शाया गया है जहाँ से राजस्थान का उत्तर-दक्षिण व पूर्व पश्चिम विस्तार नापा जाता है। ये स्थितियाँ (i), (ii), (iii) और (iv) से अंकित की गई हैं। नीचे दी गई क्रमावली से इनका सही अनुक्रम पहचानिए ।

**Options:**

A. बोरकुंड, सिलाँन, कटरा, कोणा

B. कोणा, कटरा, सिलॉन, बोरकुंड

C. सिलॉन, कोणा, कटरा, बोरकुंड

D. कटरा, कोणा, बोरकुंड, सिलाँन

Answer: कोणा, कटरा, सिलॉन, बोरकुंड

**2.**

Question: राजस्थान के भौतिक प्रदेशों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -
(i) राज्य के 61.11 प्रतिशत भू क्षेत्र में पश्चिमी रेतीले मैदान का विस्तार है ।
(ii) राज्य के 9.60 प्रतिशत भू-क्षेत्र में अरावली पर्वतीय प्रदेश का विस्तार हैं।
(iii) राज्य के 23.03 प्रतिशत भू-क्षेत्र में पूर्वी मैदान का विस्तार है।
(iv) राज्य के 6.37 प्रतिशत भू-क्षेत्र में दक्षिण-पूर्वी पठारी प्रदेश का विस्तार है ।

**Options:**

A. (i), (ii) और (iii)

B. (i) और (iii)

C. (iii) और (iv)

D. केवल (1)

Answer: (i) और (iii)

**3.**

Question: पश्चिमी राजस्थान के रेतीले मैदान का कितना प्रतिशत क्षेत्र बालुकास्तूप - मुक्त है ?

**Options:**

A. 41.5

B. 18.6

C. 61.11

D. 14.7

Answer: 41.5

**4.**

Question: अरावली की निम्न लिखित पर्वत चोटियों को उनकी ऊँचाई के आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए -

**Options:**

A. कुम्भलगढ़ - जरगा - रघुनाथगढ़- अचलगढ़

B. अचलगढ़ - कुम्भलगढ़ - रघुनाथगढ़ - जरगा

C. रघुनाथगढ़ - कुम्भलगढ़ - अचलगढ़ - जरगा

D. जरगा - अचलगढ़ - कुम्भलगढ़- रघुनाथगढ़

Answer: रघुनाथगढ़ - कुम्भलगढ़ - अचलगढ़ - जरगा

**5.**

Question: अपवाह क्षेत्र के विस्तार की दृष्टि से राजस्थान के नदी तंत्र का सही आरोही क्रम है -

**Options:**

A. माही - बनास - लूनी - चम्बल

B. लूनी - माही - चम्बल - बनास

C. चम्बल - लूनी - माही - बनास

D. बनास - माही - लूनी - चम्बल

Answer: माही - बनास - लूनी - चम्बल

**6.**

Question: राजस्थान के उक्त मानचित्र में कोपेन के जलवायु प्रदेशों को (i), (ii), (iii) और (iv) से अंकित किया गया है। नीचे दी गई क्रमावली से इनका सही अनुक्रम पहचानिए -

**Options:**

A. BWhw, BShw, Cwg, Aw

B. Aw, Cwg, BShw, BWhw

C. BShw, BWhw, Aw, Cwg

D. Cwg, BWhw, BShw, Aw

Answer: BWhw, BShw, Cwg, Aw

**7.**

Question: कथन (A) - राजस्थान में पाई जाने वाली सीरोजम मिट्टी की उर्वरा शक्ति अपेक्षाकृत कम होती है।
कारण (R) - सीरोजम मिट्टी में नाइट्रोजन तथा कार्बनिक पदार्थो की कमी होती है।

**Options:**

A. (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R) (A) की सही व्याख्या नहीं करता

B. (A) और (R) दोनों सही हैं, तथा (R) (A) की सही व्याख्या करता है ।

C. (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

D. (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

Answer: (A) और (R) दोनों सही हैं, तथा (R) (A) की सही व्याख्या करता है ।

**8.**

Question: सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -
सूची - 1
(वन्य जीव अभयारण्य)
A) बन्ध बारेठा
B) सीतामाता
C) नाहरगढ़
D) फूलवाड़ी-की-नाल
सूची - II
(जिला)
(i) जयपुर
(ii) उदयपुर
(iii) भरतपुर
(iv) चित्तौड़गढ़

**Options:**

A. (i) (iii) (iv) (ii)

B. (ii) (i) (iii) (iv)

C. (iii) (iv) (i) (ii)

D. (iv) (ii) (i) (iii)

Answer: (iii) (iv) (i) (ii)

**9.**

Question: क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान का सबसे बड़ा कृषि जलवायु खण्ड है -..

**Options:**

A. सिंचित उत्तर-पश्चिमी मैदान

B. आर्द्र दक्षिणी मैदान

C. शुष्क पश्चिमी मैदान

D. बाढ़ संभाव्य पूर्वी मैदान

Answer: शुष्क पश्चिमी मैदान

**10.**

Question: राजस्थान के उक्त मानचित्र में पशुओं की प्रसिद्ध नस्लों के क्षेत्रीय वितरण को (i), (ii), (iii) और (iv) से अंकित किया गया है। नीचे दी गई क्रमावली से इनका सही अनुक्रम पहचानिए -

**Options:**

A. धारपरकार, राठी, गीर, कांकरेज

B. कांकरेज, गीर, थारपरकार, राठी

C. थारपरकार, कांकरेज, गीर, राठी

D. राठी, थारपरकार, कांकरेज, गीर

Answer: राठी, थारपरकार, कांकरेज, गीर

**11.**

Question: सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -
सूची - I
(सिंचाई परियोजना)
A) बाँकली बाँध
B) सोम-कमला-अम्बा
C) मोरेल बाँध
D) जाखम बाँध
सूची - II
(जिला)
(i) प्रतापगढ़
(ii) सवाई माधोपुर
(iii) जालौर
(iv) डूंगरपुर

**Options:**

A. (i) (iv) (iii) (ii).

B. (iv) (i) (ii) (iii)

C. (iii) (ii) (i) (iv)

D. (iii) (iv) (ii) (1)

Answer: (iii) (iv) (ii) (1)

**12.**

Question: सूची-1 को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -
सूची - I
(सिंचाई परियोजना)
A) चम्बल
B) माही-बजाज सागर
C) व्यास
D) सरदार सरोवर
सूची - II
(सम्बद्ध राज्य)
(i) राजस्थान, मध्यप्रदेश
(ii) राजस्थान, पंजाब, हरियाणा
(iii) राजस्थान, गुजरात
(iv) राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र

**Options:**

A. (iv) (ii) (i) (iii)

B. (i) (iii) (ii), (iv)

C. (i) (iv) (iii) (ii)

D. (iii) (i) (iv) (ii)

Answer: (i) (iii) (ii), (iv)

**13.**

RajTest

Question: राजस्थान के उक्त मानचित्र में इन्दिरा गाँधी नहर की लिफ्ट परियोजनाओं की स्थिति को (i), (ii), (iii) और (iv) से अंकित किया गया है। नीचे दी गई क्रमावली से इनका सही अनुक्रम पहचानिए

**Options:**

A. पन्नालाल - बारूपाल, करणीसिंह, चौधरी कुम्भाराम, जयनारायण व्यास

B. जयनारायण व्यास, पन्नालाल - बारूपाल, चौधरी कुम्भाराम, करणीसिंह

C. करणीसिंह, जयनारायण व्यास, चौधरी कुम्भाराम, पन्नालाल - बारूपाल

D. चौधरी कुम्भाराम, पन्नालाल - बारूपाल, करणीसिंह, जयनारायण व्यास

Answer: चौधरी कुम्भाराम, पन्नालाल - बारूपाल, करणीसिंह, जयनारायण व्यास

**14.**

Question: वर्तमान में राजस्थान में जल की कौन-सी समस्या सर्वाधिक चिन्ताजनक बनती जा रही है ?

**Options:**

A. जल का अति-विदोहन

B. जल का बढ़ता प्रदूषण

C. जल की बढ़ती लवणता

D. अन्ध और धूसर क्षेत्रों की बढ़ती संख्या

Answer: अन्ध और धूसर क्षेत्रों की बढ़ती संख्या

**15.**

Question: राजस्थान भू-क्षेत्र में लम्बाई की दृष्टि से राज्य से गुजरने वाले निम्न लिखित राष्ट्रीय राजमार्गों का सही आरोही क्रम है-

**Options:**

A. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या. 79-114-3-89

B. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या. 3-114-79-89

C. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या. 89-114-79-3

D. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या. 89-114-79-3

Answer: राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या. 3-114-79-89

**16.**

Question: राजस्थान में लिग्नाइट कोयला उत्पादन के प्रमुख क्षेत्र स्थित हैं।

**Options:**

A. कपूरड़ी, मेड़ता और बरसिंगसर में

B. मेड़ता, पलाना और सोनू में

C. बरसिंगसर, आगूचा और मेड़ता में

D. पलाना, सोनू और कपूरड़ी में

Answer: कपूरड़ी, मेड़ता और बरसिंगसर में

**17.**

Question: सूची-1 को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए
सूची - I
(खनिज)
A) ताँबा
B) सीसा एवं जस्ता
C) बेरिलियम
D) लौह - अयस्क
सूची - II
(खनन क्षेत्र)
(i) राजपुरा - दरीबा
(ii) नाथरा की- पाल
(iii) खो - दरीबा
(iv) बांदेर - सींदरी

**Options:**

A. (i) (ii) (iv) (iii)

B. (iii) (i) (iv) (ii)

C. (iii) (iv) (ii) (i)

D. (ii) (iii) (iv) (i)

Answer: (iii) (i) (iv) (ii)

**18.**

Question: ज़रीब तथा फीता सर्वेक्षण में प्रयुक्त उपकरणों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों का परीक्षण कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -
i) गन्टर और इन्जीनियर ज़रीब में प्रत्येक कड़ी क्रमश 0.66 और 1 फुट लम्बी होती है
ii) 80 गन्टर ज़रीब = 1 मील, 10 गन्टर ज़रीब = 1 फर्लांग तथा 10 वर्ग गन्टर ज़रीब 1 एकड़ होता है ।
iii) अति - परिशुद्ध ज़रीब तथा फीता सर्वेक्षण में धात्विक अथवा इस्पाती फीतों का प्रयोग किया जाता है।
iv) प्रकाशीय गुनिया (Optical Square) में दोनों आयताकार दर्पण परस्पर 55° कोण पर झुके होते हैं ।

**Options:**

A. (i), (iii) and (iv)

B. (ii), (iii) and (iv)

C. (i) and (iii)

D. (i) and (ii)

Answer: (i) and (ii)

**19.**

Question: निम्न कथनों पर विचार कीजिए. 73वें संविधान संशोधन के अनुसरण में.
a) पंचायती राज अधिनियम राजस्थान में 23 अप्रैल 1994 में लागू किया गया.

RajTest

b) ग्राम सभा का वर्ष में दो बार आयोजन अनिवार्य है ।
c) पंचायती राज के सभी स्तरों पर महिलाओं का एक तिहाई आरक्षण अनिवार्य है ।
d) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के लिए भी एक तिहाई आरक्षण अनिवार्य हैं ।
उपरोक्त कथन/कथनों में से कौनसा सही है ? नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

**Options:**

A. a एवं b केवल

B. c एवं d केवल

C. a,b एवं c केवल

D. a एवं d केवल

Answer: a,b एवं c केवल

**20.**

Question: भारतीय संविधान में निम्न में से .... नागरिकों के कौनसे मौलिक कर्तव्य हैं ?
a) राष्ट्र ध्वज तथा राष्ट्रगान का सम्मान करना
b) आह्वान पर राष्ट्र की सेवा अर्पित करना
c) सामाजिक सुधार का प्रयास करना
d) अपनी साझा संस्कृति की समृद्ध धरोहर को महत्व प्रदान करना तथा उसका संरक्षण करना
उपरोक्त कथन/कथनों में से कौनसा सही हैं ? नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिए.

**Options:**

A. a एवं b केवल

B. a, b एवं d केवल

C. a, b एवं .c केवल

D. c एवं d केवल

Answer: a, b एवं d केवल

**21.**

Question: श्रीमती वसुन्धराजी राजे राजस्थान की प्रथम बार मुख्य मन्त्री .... मध्य, रही ।

**Options:**

A. 2004-2009

B. 2001-2007

C. 1999-2003

D. 2003-2008

Answer: 2003-2008

**22.**

Question: निम्न कथनों पर विचार कीजिए ।
a) लोक सभा में राजस्थान से कुल 25 सदस्य हैं।
b) राजस्थान में विधान परिषद् के कुल सदस्यों की संख्या 200 हैं ।
c) लोक सभा में राजस्थान से अनुसूचित जाति की 4 सीटे एवं अनुसूचित जन जाति की 3 सीटे आरक्षित हैं ।
निम्न कूटों के आधार पर सही उत्तर का चुनाव कीजिए ।

**Options:**

A. a एवं b केवल

B. a एवं c केवल

C. b एवं c केवल

D. a केवल

Answer: a एवं c केवल

**23.**

Question: भारत में संसद में सम्मिलित हैं :
a) राष्ट्रपति
b) राज्य सभा एवं लोक सभा
c) प्रधान मंत्री
d) उप राष्ट्रपति
नीचे दिए गए कूट के आधार पर सही उत्तर चुनिए :

**Options:**

A. a एवं b केवल

B. a, b एवं c केवल

C. a, b एवं d केवल

D. b, c एवं d केवल

Answer: a एवं b केवल

**24.**

Question: निम्न कथनों में से एक कथन असत्य हैं। पता कीजिए

**Options:**

A. संविधान को 26 नवम्बर 1949 को पारित किया और यह 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ ।

B. लार्ड बेन्टिक भारत के प्रथम गवर्नर जनरल थे ।

C. पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधान मन्त्री थे ।

D. राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत संविधान के चतुर्थ भाग में समाहित हैं ।

Answer: लार्ड बेन्टिक भारत के प्रथम गवर्नर जनरल थे ।

**25.**

Question: लोक सभा के बारे में निम्न में से एक असत्य हैं। पता कीजिए ।

**Options:**

A. लोक सभा की वर्तमान संख्या 545 हैं ।

B. राज्यों से चुने हुए सदस्य 530 हैं ।

C. केन्द्र शासित प्रदेशों से चुने हुए सदस्य 13 हैं।

D. ऐंग्लो इण्डियन चुने हुए सदस्य 2 हैं ।

Answer: ऐंग्लो इण्डियन चुने हुए सदस्य 2 हैं ।

**26.**

Question: ग्राम स्तर पर प्रतिनिधिक प्रजातन्त्र जिसके द्वारा लागू किया गया है, वह है ।

**Options:**

A. ग्राम सभा

B. पंचायत

C. सरपंच

D. पंच

Answer: ग्राम सभा

**27.**

Question: भारतीय संविधान के इतिहास में सबसे विवादास्पद संविधान संशोधन था :

**Options:**

A. 42 वाँ संशोधन

B. 76 वाँ संशोधन

C. 79 वाँ संशोधन

D. 89 वाँ संशोधन

Answer: 42 वाँ संशोधन

**28.**

Question: किस संविधान संशोधन ने भारत में प्राथमिक शिक्षा को मौलिक अधिकार बनाया है ?

**Options:**

A. 80 वाँ

B. 81 वाँ

C. 82 वाँ

D. 86 वाँ

Answer: 86 वाँ

**29.**

Question: अनाज रखने के बडे मृदभाण्ड जिन्हें "गोरे बंकोठ" कहा जाता था, किस प्राचीन सभ्यता से प्राप्त हुए ?

**Options:**

A. ओझियाना

B. कालीबंगा

C. जोधपुरा

D. आहड़

Answer: आहड़

**30.**

Question: राजस्थान में आलनियाँ के प्रागैतिहासिक चित्रों की खोज किसने की ?

**Options:**

A. डी. एच. गार्डन

B. डॉ. एस. कुमार

C. वी. एस वाकणकर

D. डॉ. जगतनारायण

Answer: डॉ. जगतनारायण

**31.**

Question: मारवाड़ में वीरता, साहित्य, सेवा के लिए "सिरोपाव" देने की परम्परा रही थी, सर्वोच्च सिरोपाव था -

**Options:**

A. पालकी सिरोपाव

B. हाथी सिरोपाव

C. घोड़ा सिरोपाव

D. कड़ा दुशाला सिरोपाव

Answer: हाथी सिरोपाव

**32.**

Question: "मुगल बादशाह अपनी विजयों में से आधी के लिए राठौड़ों की एक लाख तलवारों के अहसानमन्द थे" ये कथन कहा है -

**Options:**

A. कर्नल टॉड

B. मेकमिलन

C. ए. एल. बाँशम

D. एलफिस्टन

Answer: कर्नल टॉड

**33.**

Question: मन्दिर स्थापत्य की "भूमिज शैली" किस स्थापत्य शैली की उपशैली है ?

**Options:**

A. नागर शैली

B. द्राविड शैली

C. इण्डो पर्शियन शैली

D. बेसर शैली

Answer: नागर शैली

**34.**

Question: "बादशाह ने मेवाड़ के राणा को आपस के समझौते से अधीन किया था, न कि बल से ।" ये कथन कहा है ?

RajTest

**Options:**

A. सर टामस रो

B. सर जे. एन. सरकार

C. कर्नल टॉड

D. डॉ. बेनी प्रसाद

Answer: सर टामस रो

**35.**

Question: राजस्थान में "ऊंदरिया पंथ" किनमें प्रचलित है ?

**Options:**

A. भीलों में

B. मीणाओं में

C. सहरिया में

D. गरासिया में

Answer: भीलों में

**36.**

Question: "गुब्बारा", "नुसरत", "नागपली", "गजक" नाम है ।

**Options:**

A. जोधपुर दुर्ग की तोपों के नाम

B. मेवाड़ में प्रचलित क्षेत्रीय मिठाइयों के नाम

C. मारवाड़ ठिकानों के वस्त्रों के नाम

D. मेवाड़ में प्रचलित राजस्व वसूली करों के नाम

Answer: जोधपुर दुर्ग की तोपों के नाम

**37.**

Question: जोधपुर किले में "पुस्तक प्रकाश" पुस्तकालय की स्थापना किसने की ?

**Options:**

A. जसवन्त सिंह

B. अजीत सिंह

C. मानसिंह

D. तख्त सिंह

Answer: मानसिंह

**38.**

Question: राजस्थान की संस्कृति में "मुगधणा" क्या है -

**Options:**

A. माताजी को मेहंदी चढ़ाकर मेहमानों में बाँटना ।

B. वधू को मूँग और घी खिलाना ।

C. लाख की चूडियाँ जिसमें चाँदी की कड़ी पिरोई जाती है।

D. भोजन पकाने के लिए लकडियाँ जो विनायक स्थापना के पश्चात लाई जाती है ।

Answer: भोजन पकाने के लिए लकडियाँ जो विनायक स्थापना के पश्चात लाई जाती है ।

**39.**

Question: "इकतीसंदा" रुपया राजस्थान की कौनसी टकसाल में बनता था ?

**Options:**

A. जोधपुर

B. सोजत

C. कुचामन

D. मेड़ता

Answer: कुचामन

**40.**

Question: मुगल सम्राट शाहजहाँ के समय से ही प्रसिद्ध "नाहर नृत्य" की खेलने की परम्परा कहाँ प्रचलित है ?

**Options:**

A. माण्डल

B. चौमू

C. चाकसू

D. किशनगढ़

Answer: माण्डल

**41.**

Question: आचार्य तुलसी ने "अणुव्रत आन्दोलन" का सूत्रपात कब किया ?

**Options:**

A. 1942 ई.

B. 1949 ई.

C. 1945 ई.

D. 1952 ई.

Answer: 1949 ई.

**42.**

Question: रियासतों से सम्बंधित समस्याओं के समाधान के लिए "रियासती विभाग" की स्थापना कब की गई ?

**Options:**

A. 5 जुलाई 1947ई.

B. 10 अक्टूबर 1946ई.

C. 31 मार्च 1948ई.

D. 4 जनवरी 1947ई.

RajTest

Answer: 5 जुलाई 1947ई.

**43.**

Question: "मेवाड पुकार" 21 सूत्री मांगपत्र का सम्बंध किससे था ?

**Options:**

A. मोतीलाल तेजावत
B. माणिक्यलाल वर्मा
C. विजय सिंह पथिकः
D. साधु सीताराम दास

Answer: मोतीलाल तेजावत

**44.**

Question: राजस्थान के एकीकरण प्रक्रिया के समय मत्स्य संघ की वार्षिक आय कितनी थी ?

**Options:**

A. 184 लाख रुपये
B. 290 लाख रुपये
C. 324 लाख रुपये
D. 26 लाख रुपये

Answer: 184 लाख रुपये

**45.**

Question: राजस्थान की किस रियासत को पं. जवाहर लाल नेहरु ने विश्व का आठवाँ आश्चर्य कहा था ?

**Options:**

A. जैसलमेर
B. बीकानेर
C. झालावाड़
D. कोटा

Answer: जैसलमेर

**46.**

Question: "काँगड काण्ड" किस प्रजामण्डल आन्दोलन के दौरान घटित हुआ ?

**Options:**

A. जयपुर प्रजामण्डल
B. बीकानेर प्रजामण्डल
C. कोटा प्रजामण्डल
D. झालावाड़ प्रजामण्डल

Answer: बीकानेर प्रजामण्डल

**47.**

Question: "अंग्रेजों ने अपनी शपथ भंग की है। क्या उन्होंने अवध पर अधिकार नहीं किया ? अतः उन्हें यह अपेक्षा नहीं करनी
चाहिए कि भारतीय अपनी शपथ का अनुपालन करेंगे।"
1857ई. की क्रान्ति के सन्दर्भ में यह किसने कहा ?

**Options:**

A. तांत्या टोपे
B. हाकिम अहमद
C. प्रताप सिंह
D. मुहम्मद अली बेग

Answer: मुहम्मद अली बेग

**48.**

Question: निम्न में से कौन सा तंत्र वाद्य नहीं है ?

**Options:**

A. जन्तर
B. रवाज़
C. चौतारा
D. सतारा

Answer: सतारा

**49.**

Question: 6 संख्याओं का औसत 20 है। यदि एक संख्या हटा दी जावे तो औसत 15 हो जाता है। हटाई गयी संख्या के स्थान पर 39 जोडने पर उन नयी 6 संख्याओं का औसत हो जावेगा ....।

**Options:**

A. 17
B. 20
C. 19
D. 18

Answer: 19

**50.**

Question: 15 संख्याओं का औसत 40 है । उनमें प्रथम 8 संख्याओं का औसत 30 और अंतिम 8 संख्याओं का औसत 50 है ।
तो आठवीं संख्या का मान होगा ......

**Options:**

A. 40
B. 30
C. 35
D. 50

Answer: 40

RajTest

**51.**

Question: एक आदमी प्रथम 4 माह में औसतन ₹. 1800/- प्रतिमाह खर्च करता है। अगले 8 माह में औसतन ₹. 2000/- प्रतिमाह
खर्च करता है । वर्ष में ₹. 5600/- रुपये बचा लेता है। तो उसकी औसत मासिक आय है ।

**Options:**

A. ₹. 2000/-

B. ₹. 2200/-

C. ₹. 2400/-

D. ₹. 2600/-

Answer: ₹. 2400/-

**52.**

Question: एक व्यक्ति ने ₹. 10,000/-10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से गणना करने पर उधार दिये। 2½ वर्ष पश्चात् उसे
कितने रुपये वापिस मिलेंगें ।

**Options:**

A. ₹. 12810/-

B. ₹. 12510/-

C. ₹.12705/-

D. ₹. 12910/-

Answer: ₹.12705/-

**53.**

Question: किस प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से एक धन-राशि दो वर्ष में चार गुणी हो जावेगी ?

**Options:**

A. 75%

B. 100%

C. 60%

D. 80%

Answer: 100%

**54.**

Question: किसी राशि का 2 वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज ₹. 376.20/- है और साधारण ब्याज ₹. 360/- है। वह राशि कितनी है ?

**Options:**

A. ₹. 2000/-

B. ₹. 2100/-

C. ₹. 2300/-

D. ₹. 2200/-

Answer: ₹. 2000/-

**55.**

Question: गत 10 म्याचों में 'A' के रनों का औसत स्कोर 42 तथा 'B' का गत 15 म्याचों में रनों का औसत स्कोर 57 है। दोनों के रनों का औसत स्कोर क्या है ।

**Options:**

A. 47

B. 52

C. 51

D. 53

Answer: 51

**56.**

Question: गिनती के सततः सात अंकों की एक श्रेणी दी हुयी है। उस दी हुयी श्रेणी के प्रथम 5 अंकों का औसत N है । सभी सात अंकों का औसत क्या होगा ?

**Options:**

A. N +2

B. N+3

C. 5N+2/7

D. N+1

Answer: N+1

**57.**

Question: यदी m संख्याओं का औसत $n^2$ है और इसी तरह n संख्याओं का औसत $m^2$, है, तब (m+n) संख्याओं का औसत है ।

**Options:**

A. m/n

B. m+n

C. m-n

D. mn

Answer: mn

**58.**

Question: 100 मीटर चौडी नदी में एक द्वीप पर एक पेड है। नदी के दोनों किनारों पर एक दूसरे के विपरीत दो विन्दू P और Q
है । पेड और दोनों विन्दू एक सीधी रेखा में हैं। P और Q विन्दू से पेड का शीर्ष क्रमशः 30° और 45° का उन्नयन कोण बनाते है । तो पेड की ऊँचाई है......

**Options:**

RajTest

A. 100(√3-1)
B. 50(√3-1)
C. 25(√3+1)
D. 100(√3-1)
Answer: 50(√3-1)

**59.**

Question: यदि मीनार की छाया की लम्बाई इसकी ऊँचाई की √3 गुणा है तो सूर्य का उन्नयन कोण होगा ....

**Options:**
A. 30°
B. 60°
C. 45°
D. 150°
Answer: 30°

**60.**

Question: एक जेट प्लेन का उन्नयन कोण जमीन पर एक बिन्दू P से 60° है । 15 सैकिण्ड बाद उसका उन्नयन 30° हो जाता है
। यदि जेट प्लेन जमीन से 1500√3 मीटर की समान ऊँचाई पर उड़ रहा हो तो जेट प्लेन की चाल होगी ......

**Options:**
A. 150 मीटर/से.
B. 120 मीटर/से.
C. 136 मीटर/से.
D. 200 मीटर/से.
Answer: 200 मीटर/से.

**61.**

Question: ₹. 8400/- को A, B, C और D के मध्य इस प्रकार बाँटा जाता है कि उनके हिस्सों का अनुपात A:B है 1:2, B:C है 3:1, और C:D है 2:3. A व C तथा B वC के हिस्सों का भाग ज्ञात करो । जो है .....

**Options:**
A. ₹.3600, ₹. 4500
B. ₹. 3000, ₹. 4500
C. ₹. 3000, ₹. 4800
D. ₹.3600, ₹. 4800
Answer: ₹. 3000, ₹. 4800

**62.**

Question: पुरुषों और महिलाओं के मध्य कुल बाँटी गई तनख्वाह का अनुपात 6:5 है । प्रत्येक पुरुष और प्रत्येक महिला को मिली तनख्वाह का अनुपात 2:3 है । कुल पुरुषों और कुल महिलाओं की संख्या का अनुपात है

**Options:**
A. 5:9
B. 5:7
C. 7:5.
D. 9:5
Answer: 9:5

**63.**

Question: एक थैले में ₹. 5/-, ₹. 2/- और ₹. 1/- के सिक्कों के रुप में ₹. 820/- हैं। यदि थैले में सिक्कों की संख्या का अनुपात 4:6:9 हैं। तो थैले में ₹. 2/- के सिक्कों की संख्या हैं

**Options:**
A. 80
B. 100
C. 120
D. 140
Answer: 120

**64.**

Question: एक परीक्षा में 35% अभ्यर्थी गणित में और 25% अंग्रेजी में अनुत्तीर्ण हुयें। यदि 10% गणित और अंग्रेजी दोनों विषयों अनुत्तीर्ण हुयें तो दोनों विषयों में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का प्रतिशत है

**Options:**
A. 50
B. 55
C. 57
D. 60
Answer: 50

**65.**

Question: एक भिन्न के अंश में 200% और हर में 400% की वृद्धि की जाती है। इसकी परिणामी भिन्न 1/20 है तो मूल भिन्न है

**Options:**
A. 13/4
B. 11/10
C. 6/5
D. 11/2
Answer: 6/5

**66.**

RajTest

Question: 500 के 6/7 का 42% का 35% होगा .....

**Options:**

A. 63

B. 44

C. 52

D. 60

Answer: 63

**67.**

Question: ₹. 1650/- पर 4% वार्षिक दर से साधारण ब्याज समान दर से ₹. 1800/- पर संगुणित ब्याज से ₹. 30/- कम है। उधार दिये धन की समयावधि है

**Options:**

A. 3 वर्ष

B. 5 वर्ष

C. 4 वर्ष

D. 6 वर्ष

Answer: 5 वर्ष

**68.**

Question: कोई धन राशि 5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 6 वर्ष में ₹. 2613/- हो जाती है। समान दर से वह कितने समय में र. 3015/- हो जावेगी ?

**Options:**

A. 20 वर्ष में

B. 15 वर्ष में

C. 10 वर्ष में

D. 5 वर्ष में

Answer: 10 वर्ष में

**69.**

Question: एक साहूकार को पता चलता है कि साधारण ब्याज दर 13% वार्षिक में 0.5% की गिरावट होने पर उसकी वार्षिक आमदनी में ₹. 104/- की कमी हो जाती है। उसकी उधार दी गयी पूँजी है

**Options:**

A. ₹. 20800/-

B. ₹. 32800/-

C. ₹. 34600/-

D. ₹. 36400/-

Answer: ₹. 20800/-

**70.**

Question: तीन संख्याओं के वर्गों का योग 532 है। पहली का दूसरी से उसी तरह दूसरी का तीसरी से अनुपात 3: 2 है। दूसरी संख्या क्या होगी ?

**Options:**

A. 10

B. 12

C. 11

D. 14

Answer: 12

**71.**

Question: 1638 विद्यार्थियों के स्कूल में छात्रों की संख्या और छात्राओं की संख्या का अनुपात 5:2 है। यदि छात्राओं की संख्या 60 बढ़ जाती है, तब छात्रों और छात्राओं का नया अनुपात 4:3 रखें जाने के लिये छात्रों की संख्या में क्या कमी होनी चाहिये?

**Options:**

A. 506

B. 466

C. 476

D. 496

Answer: 466

**72.**

Question: यदि a : b = 4:5, b: c = 20:11 और c d = 6:7 हो तो a:b:c: d का मान होगा .....

**Options:**

A. 48:60:33:77

B. 80:100:44:66

C. 96: 120:66:77

D. 56:70:66:77

Answer: 96: 120:66:77

**73.**

Question: यदि tan θ = 4/3 तो (1-sinθ)/(1+sinθ) का मान होगा ।

**Options:**

A. 1/2

B. 1/3

C. 1/9

D. 1/13

Answer: 1/9

**74.**

RajTest

Question: यदि tanθ = cotθ, जहाँ 0<θ<π/2 तो θ का मान होगा

**Options:**

A. π/6

B. π/2

C. π/3

D. π/4

Answer: π/4

**75.**

Question: यदि एक पोल की समतल धरती पर छाया की लम्बाई पोल की लम्बाई की दुगनी है। तो सूर्य का उन्नयन कोण होगा ...

**Options:**

A. 30°

B. 45°

C. 60°

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: इनमें से कोई नहीं

**76.**

Question: √(secθ-1)/√(secθ+1) का मान होगा ......

**Options:**

A. cotθ-cosecθ

B. secθ-tanθ

C. cosecθ-cotθ

D. tanθ-secθ

Answer: cosecθ-cotθ

**77.**

Question: यदि tan X = sin 45°. cos 45° + sin 30° तो X का मान होगा .....

**Options:**

A. 30°

B. 45°

C. 60°

D. 90°

Answer: 45°

**78.**

Question: एक समकोणीय त्रिभुज में समकोण बनाने वाली भुजाओं की लम्बाई a तथा b है। तो त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा .....

**Options:**

A. ab

B. 1/2 ab

C. 1/2 a√($a^2$+$b^2$)

D. 1/2 b√($a^2$+$b^2$)

Answer: 1/2 ab

**79.**

Question: एक आयताकार चतुर्भुज ABCD में BC = b और AC = c दिया हुआ है। तो चतुर्भुज का क्षेत्रफल होगा .....

**Options:**

A. b. c

B. b√($b^2$+$c^2$)

C. b√($b^2$-$c^2$)

D. b√($c^2$-$b^2$)

Answer: b√($c^2$-$b^2$)

**80.**

Question: एक आयताकार चतुर्भुज के दो टुकडे इस प्रकार किये जाते है कि वह दो वर्गाकार चतुर्भुज में विभाजित होता है । यदि वर्गाकार चतुर्भुज की एक भुजा "a" तो आयताकार चतुर्भुज के विकर्ण की लम्बाई होगी

**Options:**

A. 2a

B. √3a

C. 2√2a

D. √5a

Answer: √5a

**81.**

Question: एक धावक एक गोलाकार मैदान के 10 चक्कर लगाकर 4.40 कि. मी. दौड पूरी करता है। तो मैदान का क्षेत्रफल होगा....

**Options:**

A. 15200 व. मी.

B. 15600 व. मी.

C. 15400 व. मी.

D. 15800 व. मी.

Answer: 15400 व. मी.

**82.**

Question: एक व्यक्ति अपने धन की 20% राशि से वंचित हो जाता है। शेष राशि में से 25% खर्च करने के पश्चात् उसके पास ₹. 480/- बचते हैं । उसके पास मूलतः कितनी धन-राशी थी ?

RajTest

**Options:**

A. ₹.872/-

B. ₹.840/-

C. ₹.800/-

D. ₹. 820/-

Answer: ₹.800/-

**83.**

Question: एक व्यापारी एक वस्तु को ₹. 500/- में खरीदता है। वह उसपर ₹. 700/- मूल्य अंकित करता है। वह नकद भुगतान पर 10% की छूट देता है। राशी और प्रतिशतता में कुल लाभ क्या है ?

**Options:**

A. ₹. 130/26%

B. ₹. 150/-,30%

C. ₹.120/24%

D. ₹.70/14%

Answer: ₹. 130/26%

**84.**

Question: यदि 20 पेनों की कीमत 25 पेनों की विक्रय कीमत के बराबर है। कुल हानि का प्रतिशत क्या है ?

**Options:**

A. 25%

B. 20%

C. 5%

D. 15%

Answer: 20%

**85.**

Question: 'A' ने र. 10,000/- की पूँजी से व्यापार शुरु किया । चार महिने पश्चात् ₹. 5000/- की पूँजी लगाकर '13' उसके साथ जुड गया । वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹. 2000/- में 'A' का हिरसा क्या है ?

**Options:**

A. ₹. 1200/-

B. ₹. 1300/-

C. ₹. 1400/-

D. ₹. 1500/-

Answer: ₹. 1500/-

**86.**

Question: एक दूधिया बेईमानी से नापकर 20% दूध अधिक लेता है। वह उसमें 25% पानी मिलाकर बेचता है। उसे कुल फायदा होगा

**Options:**

A. 45%

B. 40%

C. 50%

D. 48%

Answer: 50%

**87.**

Question: 'A', 'B' और 'C' साझेदारी में शामिल होते हैं। 'A' 4 माह के लिये ₹. 320/-, 'B' 3 माह के लिये ₹. 510/- और 'C' 5 माह के लिये ₹. 270/- का धन लगाते हैं। यदि कुल लाभ ₹. 208/- होता है तो लाभ में 'C' का हिस्सा है

**Options:**

A. ₹. 64/-

B. ₹. 76.50/-

C. ₹.67.50/-

D. ₹.68/-

Answer: ₹.67.50/-

**88.**

Question: यदि $\alpha + \beta = \pi/4$ तब $(1+\tan \alpha)(1+\tan \beta)$ का मान होगा

**Options:**

A. $1/\sqrt{3}$

B. $\sqrt{3}$

C. 1

D. 2

Answer: 2

**89.**

Question: यदि $\cos^4\theta - \sin^4\theta = 2/3$ तब $1-2\sin^2\theta$ का मान होगा

**Options:**

A. 4/3

B. 0

C. 2/3

D. 1/3

Answer: 2/3

**90.**

RajTest

Question: एक वर्गाकार आकृति की परिधि और उसके अंदर अधिकतम त्रिज्या के वृत की परिधि का अनुपात है

**Options:**

A. 1:π

B. 2:π

C. 3:π

D. 4:π

Answer: 4:π

**91.**

Question: दी गई आकृति में एक समद्विबाहु त्रिभुज के आधार पर एक अर्धवृत खींचा है । जिसमें tan θ = 2/3 और अर्धवृत का व्यास 2a है । आकृति का क्षेत्रफल है

**Options:**

A. $(1+\pi/2)a^2$

B. $(1+\pi)a^2$

C. $(3+\pi)/2\ a^2$

D. $(1+\pi)/2\ a^2$

Answer: $(3+\pi)/2\ a^2$

**92.**

Question: प्रश्न संख्या 73 की आकृति में बाह्य परिधि की माप है

**Options:**

A. $(\sqrt{13}+\pi)a$

B. $(2\sqrt{2}+\pi)a$

C. $(\sqrt{1}+\pi)a$

D. $(5+\pi)a$

Answer: $(\sqrt{13}+\pi)a$

**93.**

Question: एक तार को एक वर्ग के आकार में मोड़ा जाने पर वर्ग का क्षेत्रफल 121 से. मी है। यदि उसी तार को वृत के आकार में मोड़ा जावे तो वृत का क्षेत्रफल होगा

**Options:**

A. 144 से. मी$^2$

B. 180 से. मी$^2$

C. 154 से. मी$^2$

D. 176 से. मी$^2$

Answer: 154 से. मी$^2$

**94.**

Question: एक आयत ABCD का परिमाप क्या है ? यदि AD = 3 और BD = 5 दी है।

**Options:**

A. 12

B. 14

C. 16

D. 17

Answer: 14

**95.**

Question: यदि psinθ = q तथा θ एक न्यूनकोण है। तब $\sqrt{(p^2-q^2)}$ x tanθ का मान है

**Options:**

A. p

B. q

C. pq

D. p/q

Answer: q

**96.**

Question: दी गई फील्ड बुक का क्षेत्रफल है

**Options:**

A. 510

B. 492

C. 490

D. 520

Answer: 490

**97.**

Question: प्रश्न संख्या 78 में दी गई फील्ड बुक में त्रिभुजाकार आकृतियों का क्षेत्रफल है

**Options:**

A. 250

B. 260

C. 240

D. 270

Answer: 240

**98.**

Question: यदि sinθ-cosθ = 7/13 और $0<\theta<\pi/2$ तब sinθ+cosθ की संख्यात्मक मान बराबर है.

**Options:**

A. 17/13

B. 13/17

RajTest

C. 1/13

D. 6/13

Answer: 17/13

**99.**

Question: निम्न लिखित में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं ?
नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए
जिला
(i) जोधपुर
(ii) सीकर
(iii) जैसलमेर
(iv) करौली
आकार
अनियमित बहुभुजाकार
अर्द्ध-चन्द्राकार
मयूराकार
बतखाकार

**Options:**

A. (ii) और (iv)

B. (ii) और (iii)

C. केवल (iv)

D. (i) और (iv)

Answer: (ii) और (iv)

**100.**

Question: मार्ग में पड़ने वाले भवन तथा रेल पटरियाँ ज़रीब-फीता सर्वेक्षण में किस प्रकार की बाधाएँ उत्पन्न करते हैं ? नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -

**Options:**

A. (i) और (iv)

B. (ii) और (iii)

C. (iii) और (iv)

D. केवल (iii)

Answer: केवल (iii)

**101.**

Question: एक परिभाषा है जो वेबसाइट से अवैध रूप से मूवी डाउनलोड करने के लिए दिया जाता है ?

**Options:**

A. पैरिटी

B. प्लगइअरिस्म

C. पायरेसी

D. प्राइवेसी

Answer: पायरेसी

**102.**

Question: जानकारी की सामग्री किसमें जमा हो जाती है ?

**Options:**

A. मेमोरी डेटा रजिस्टर

B. मेमोरी एड्रेस रजिस्टर

C. मेमोरी अर्थमेटिक रजिस्टर.......

D. मेमोरी एक्सेस रजिस्टर

Answer: मेमोरी डेटा रजिस्टर

**103.**

Question: BCD की सही पूर्ण रूप निम्न में से कौन सा है ?

**Options:**

A. बाईनरी कोडेड दशमलव

B. बिट कोडेड दशमलव

C. बाईनरी कोडेड डिजिट

D. बिट कोडेड डिजिट

Answer: बाईनरी कोडेड दशमलव

**104.**

Question: इसे मुख्य भंडारण भी कहा जाता है ?

**Options:**

A. एक्यूमुलेटर

B. नियंत्रण इकाई

C. रजिस्टर यूनिट

D. मेमोरी

Answer: मेमोरी

**105.**

Question: इसे निर्माण के समय पर प्रोग्राम किया जाता है, यह मेमोरी है ?

**Options:**

A. ROM

B. RAM

C. PROM

D. EPROM

Answer: ROM

**106.**

Question: सीडी रॉम किसे प्रदर्शित करता है।

**Options:**

A. Compactable Read Only Memory

B. कॉम्पैक्ट डेटा Read Only Memory

RajTest

C. Compactable डिस्क Only Memory

D. कॉम्पैक्ट डिस्क Read Only Memory

Answer: कॉम्पैक्ट डिस्क Read Only Memory

**107.**

Question: वह कौनसी मेमोरी है, जो प्रति सेकंड कई बार फ्रेश किया जाना चाहिए ?

**Options:**

A. स्टेटिक रैम

B. डायनामिक रैम

C. EPROM

D. ROM

Answer: डायनामिक रैम

**108.**

Question: हार्ड डिस्क के दोनों पक्ष किससे लेपित होते हैं ?

**Options:**

A. चुंबकीय धातु ऑक्साइड

B. ऑप्टिकल धातु ऑक्साइड

C. कार्बन परत

D. उपरोक्त सभी

Answer: चुंबकीय धातु ऑक्साइड

**109.**

Question: निम्न लिखित भंडारण युक्ति में से किसमें डेटा की सबसे बड़ी राशि स्टोर कर सकते हैं ?

**Options:**

A. हार्ड डिस्क

B. फ्लैश डिस्क

C. ब्लू-रे डिस्क

D. डीवीडी

Answer: हार्ड डिस्क

**110.**

Question: Cache मेमोरी किन दोनों के बीच कार्य करता है ?

**Options:**

A. CPU और RAM

B. RAM और ROM

C. CPU और हार्ड डिस्क

D. इनमें से कोई नहीं.

Answer: CPU और RAM

**111.**

Question: कम्पाइलर क्या है ?

**Options:**

A. कंप्यूटर हार्डवेयर की एक संयोजन

B. उच्च स्तर की भाषा से दूसरे में अनुवाद लिए एक प्रोग्राम

C. मशीन स्तर की भाषा एक उच्च स्तर से अनुवाद के लिए एक प्रोग्राम

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: मशीन स्तर की भाषा एक उच्च स्तर से अनुवाद के लिए एक प्रोग्राम

**112.**

Question: GUI का क्या अर्थ होता है ?

**Options:**

A. गेमिंग यूजर इंटरफेस

B. जनरल यूजर इंटरफेस

C. ग्राफिकल यूजर इंटरफेस

D. गाइडेंस यूजर इंटरफेस

Answer: ग्राफिकल यूजर इंटरफेस

**113.**

Question: वर्ड प्रोसेसिंग के लिए निम्न इकाई के कौन से संबंधित नहीं है ?

**Options:**

A. कैरक्टर

B. शब्द

C. सेल्स

D. पैराग्राफ

Answer: सेल्स

**114.**

Question: फोर्ट्रान एक प्रोग्रामिंग भाषा है. फोरट्रान से क्या प्रदर्शित होता है ?

**Options:**

A. Forbid ट्रांसलेशन

B. Format ट्रांसलेशन

C. Formula ट्रांसलेशन

D. Fortune ट्रांसलेशन

Answer: Formula ट्रांसलेशन

**115.**

Question: कौन सी भाषा सीधे अनुवाद के बिना कंप्यूटर से समझ में आ रहा है ?

RajTest

**Options:**

A. मशीन भाषा

B. असेंबली भाषा

C. उच्च स्तर की भाषा

D. ऊपर की कोई नहीं

Answer: मशीन भाषा

**116.**

Question: त्रुटि की जाँच के लिए मूल ASCII कोड में प्रत्येक बाइट की अंतिम आरक्षित बिट के ___बिट्स उपयोग करती है ?

**Options:**

A. 5

B. 6

C. 7

D. 8

Answer: 7

**117.**

Question: एक्सेल शीट में, कॉलम की चौड़ाई को ऑटो फिट करने के लिए ?

**Options:**

A. कॉलम के दाईं सीमा डबल क्लिक करें

B. कॉलम के बाईं सीमा पर डबल क्लिक करें

C. कॉलम हेडर पर डबल क्लिक करें

D. उपरोक्त सभी

Answer: कॉलम के दाईं सीमा डबल क्लिक करें

**118.**

Question: आमतौर पर इस्तेमाल commands and tools पर त्वरित पहुँच के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है ?

**Options:**

A. स्टेटस बार

B. टूल बार '

C. मेनू बार

D. शीर्षक बार

Answer: टूल बार '

**119.**

Question: MS ऑफिस का वैध संस्करण निम्न में से कौन सा नहीं है ?

**Options:**

A. ऑफिस XP

B. ऑफिस 2010

C. ऑफिस Manager

D. इनमें से कोई नहीं

Answer: ऑफिस Manager

**120.**

Question: निम्न में से कौनसा फंक्शन, ऐसे दूसरे शब्दों की सूची प्रदान करता है, जो उन वास्तव में या लगभग एक ही अर्थ के होते हैं ?

**Options:**

A. खोजें

B. बदलें

C. समानार्थक शब्द

D. वर्तनी और व्याकरण

Answer: समानार्थक शब्द

**121.**

Question: एक डिजिटल हस्ताक्षर है ?

**Options:**

A. एक बिट श्रृंखला, जो कि सम्पर्की का नाम है

B. एक प्रेषक का एक विशिष्ट पहचान

C. एक प्रमाणीकृत इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड (अद्वितीय कुंजी के साथ), जो कि केवल एक प्रेषक जानता है,

D. एक प्रेषक का एक मुद्रित हस्ताक्षर

Answer: एक प्रमाणीकृत इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड (अद्वितीय कुंजी के साथ), जो कि केवल एक प्रेषक जानता है,

**122.**

Question: कैसे आप एक पूरे कॉलम का चयन करते हैं ?

**Options:**

A. एडिट का चयन करें > मेनू चुनें > कॉलम चुनें

B. कॉलम शीर्ष पर क्लिक करें

C. शिफ्ट कुंजी दबाए रखें और कॉलम में कहीं भी क्लिक करें

D. Ctrl कुँजी दबाए रखें और कॉलम में कहीं भी क्लिक करें

Answer: कॉलम शीर्ष पर क्लिक करें

**123.**

Question: एक फार्मूला बनाने के लिए, पहले आप ?

**Options:**

A. फार्मूला को सेल में रखें

RajTest

B. बराबर (=), यदि आप एक्सेल में फार्मूला एंटर करना चाहते हैं ।

C. किन्ही भी इनपुट वैल्यूज से फार्मूला बनायें और संमोचित गणितीय ऑपरेटर्स के द्वारा फार्मूला एंटर करें

D. फ़ाइल मेनू से नया कमांड चुनें

Answer: बराबर (=), यदि आप एक्सेल में फार्मूला एंटर करना चाहते हैं ।

**124.**

Question: सेल में डालें गए कमेंट्स को क्या कहा जाता है ?

**Options:**

A. स्मार्ट टिप

B. सेल टिप

C. वेब टिप

D. सॉफ्ट टिप

Answer: सेल टिप

**125.**

Question: आप फॉर्मेट पेंटर कई बार उपयोग कर सकते हैं, इसे बंद करने से पहले ?

**Options:**

A. आप फॉर्मेट पेंटर बटन का उपयोग केवल एक बार कर सकते हैं, जब आप इसे क्लिक करें

B. फॉर्मेट पेंटर बटन पर डबल क्लिक

C. Ctrl कुँजी दबाये रखें और फॉर्मेट पेंटर बटन पर क्लिक

D. Alt कुँजी दबाये रखें और फॉर्मेट पेंटर बटन पर क्लिक

Answer: फॉर्मेट पेंटर बटन पर डबल क्लिक

**126.**

Question: किस शब्द में सभी व्यंजन स्वर युक्त हैं -

**Options:**

A. प्रथा

B. पार्थ

C. पृथा

D. पृथ्वी

Answer: पृथा

**127.**

Question: सर्वनाम का प्रकार नहीं है -

**Options:**

A. पुरुषवाचक

B. निजवाचक

C. प्रश्नवाचक

D. गुणवाचक

Answer: गुणवाचक

**128.**

Question: स्वर-सन्धि से निर्मित शब्द नहीं है -

**Options:**

A. . अत्याचार

B. उत्थान

C. भानूदय

D. शम्भ्वाराधना

Answer: उत्थान

**129.**

Question: शुद्ध वर्तनी है -

**Options:**

A. अत्याधिक

B. पान्चजन्य

C. स्त्रोत

D. वागर्थ

Answer: वागर्थ

**130.**

Question: अपादान कारक युक्त वाक्यांश है।

**Options:**

A. भस्म से आवृत्त

B. मेघों से आच्छादित।

C. पद से च्युत

D. कष्ट से साध्य

Answer: पद से च्युत

**131.**

Question: 'कष्टापन्न' सामासिक पद में समास है -

**Options:**

A. तत्पुरुष

B. बहुव्रीहि

C. अव्ययीभाव

D. कर्मधारय

Answer: तत्पुरुष

**132.**

Question: जिस विकारी शब्द से संज्ञा की व्याप्ति मर्यादित होती है उसे कहते हैं -

RajTest

**Options:**

A. सर्वनाम

B. कारक

C. क्रिया

D. विशेषण

Answer: विशेषण

**133.**

Question: कर, बैठ, चल आदि धातु प्रकार हैं -

**Options:**

A. मूलधातु

B. यौगिक धातु

C. प्रेरणार्थक धातु

D. नामधातु

Answer: मूलधातु

**134.**

Question: 'कसौटी' शब्द है -

**Options:**

A. तत्सम

B. तद्भव

C. देशज

D. विदेशी

Answer: तद्भव

**135.**

Question: 'स' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है -

**Options:**

A. सोदाहरण

B. सहानुभूति

C. सोल्लास

D. सहित

Answer: सहानुभूति

**136.**

Question: मूल शब्द एवं प्रत्यय की दृष्टि से सही विभाजन नहीं है -

**Options:**

A. लुहार - लोहा + आर

B. कसेरा काँसा + एरा

C. महत्त्व महत् + त्व

D. घुमाव - घुम + आव

Answer: घुमाव - घुम + आव

**137.**

Question: 'खेह खाना' मुहावरे का अर्थ है -

**Options:**

A. खाने का लालची होना

B. आसान समझना

C. बुरी दशा में रहना

D. अनुभवी, चालाक होना

Answer: बुरी दशा में रहना

**138.**

Question: अर्द्धविराम का निदर्शक चिह्न है -

**Options:**

A. ;

B. ,

C. l

D. λ

Answer: ;

**139.**

Question: शुद्ध वाक्य नहीं है -

**Options:**

A. उपस्थित लोगों ने संकल्प किया ।

B. तुमसे कोई काम नहीं हो सकता ।

C. उसने अपने पाँव से जूता निकाला ।

D. आज गाने का खूब रंग जमा ।

Answer: उसने अपने पाँव से जूता निकाला ।

**140.**

Question: "हाथी" का पर्यायवाची शब्द नहीं है -

**Options:**

A. करि

B. नाग

C. मतंग

D. पुण्डरीक

Answer: पुण्डरीक

**141.**

Question: प्रकम्पित ध्वनि है -

**Options:**

A. य

RajTest

B. र
C. ल
D. व
Answer: र

**142.**
Question: षट् + आनन शब्द की सन्धि होगी -
**Options:**
A. षडानन
B. षटानन
C. षडानन
D. षड़ानन
Answer: षडानन

**143.**
Question: देशज शब्द नहीं है -
**Options:**
A. तेन्दुआ
B. हड्डी
C. धड़ाम
D. ठेस
Answer: हड्डी

**144.**
Question: विलोम शब्द - युग्म नहीं है -
**Options:**
A. मसृण - कोमल
B. उन्मूलन - रोपण
C. आबाद बरबाद
D. अभिज्ञ अनभिज्ञ
Answer: मसृण - कोमल

**145.**
Question: Implementation का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है -
**Options:**
A. प्रभावित करना
B. निहितार्थ
C. आयातित
D. कार्यान्वयन
Answer: कार्यान्वयन

**146.**
Question: 'संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी ।' यह भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है -
**Options:**
A. अनुच्छेद 342
B. अनुच्छेद 343
C. अनुच्छेद 344
D. अनुच्छेद 345
Answer: अनुच्छेद 343

**147.**
Question: शुद्ध शब्द नहीं है
**Options:**
A. निरोग
B. शाप
C. प्रायद्वीप
D. तत्त्व
Answer: निरोग

**148.**
Question: नीम का तत्सम रूप है -
**Options:**
A. निम्बक
B. निम्बिका
C. निम्ब
D. नीम्ब
Answer: निम्ब

**149.**
Question: 'हाथी के पाँव में सबका पाँव' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है -
**Options:**
A. किसी बड़े का भार बड़ा ही उठाता है ।
B. बड़े लोगों के साथ छोटों की भी गुज़र हो जाती है ।
C. यदि किसी व्यक्ति का कोई कुटुम्बी उन्नति करता है तो उसका भी नाम होता है ।
D. किसी काम को करने में बड़े आदमियों के असफल होने पर छोटा उसे करने को तैयार हो जाता है ।
Answer: बड़े लोगों के साथ छोटों की भी गुज़र हो जाती है ।

**150.**
Question: अविराम - अविराम युग्म का अर्थ है -
**Options:**
A. सुन्दर लगातार

RajTest

B. एकतत्र - बिना रुके

C. लगातार - सुन्दर

D. बिना रुके - एकत्र

Answer: लगातार - सुन्दर

RajTest